संख्या- 44/2015/88/71-1-2015-जी-99/2014

प्रेषक

शैलेन्द्र नाथ शुक्ल,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 16 मार्च, 2015

विषय:- वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में आयोजनागत पक्ष में मानक मद-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन में पुनर्विनियोग की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2014/676, दिनॉक 12-01-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में पैरा मेडिकल कालेज, झॉसी में मानक मद-01-वेतन के अन्तर्गत रू0 1,00,00,000/- (रू0 एक करोड़ मात्र) एवं मानक मद-03-मंहगाई भत्ता में रू0 1,00,00,000/- (रू0 एक करोड़ मात्र) तथा मेडिकल कालेज, सहारनपुर में मानक मद-03-मंहगाई भत्ता में रू0 1,00,00,000/- (रू0 एक करोड़ मात्र) कुल रू0 3,00,00,000/- (रू0 तीन करोड़ मात्र) की बचत के सापेक्ष मेडिकल कालेज, कन्नौज में मानक मद-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन हेतु रू0 3,00,00,000/- (रू0 तीन करोड़ मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व आपका होगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-01-राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-384/दस-2015, दिनॉक 10 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 44/2015/88(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
3- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
6- समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ।
7- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in